राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–177/2023

राजभवन में गुजरात दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 28 मई, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन, पटना के राजेन्द्र मंडप में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित गुजरात दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से भारत के सभी राज्य अन्य दूसरे राज्यों की सांस्कृतिक एवं अन्य विविधताओं से अवगत हो सकेंगे तथा भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी। हमारी एकता में ही भारत की श्रेष्ठता है। उन्होंने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' सिर्फ एक स्लोगन नहीं है, इसे अनुभव करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी संस्कृति, विचारधारा, परंपरा और इतिहास एक है और सभी राज्य एक दूसरे से सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से जुड़े हुए हैं, ऐसे में हमें एक दूसरे के रहन–सहन, खान–पान एवं उनकी जीवन पद्धति को जानने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गरबा और डांडिया सिर्फ गुजरात की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक पहचान है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार के आर्थिक और सामाजिक विकास में अन्य राज्यों की तरह गुजरात का भी अहम योगदान है और समस्त भारतवासी विभिन्न राज्यों में कार्य करते हुए भारत की प्रगति में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में महात्मा गाँधी एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर गुजराती संस्कृति पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में लघु जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री रवि मनुभाई परमार, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के निदेशक–सह–राज्य परिवहन आयुक्त श्री बी० कार्तिकेय धनजी, श्री रमेश फूलचंद कामदार, श्री भरत भाई मेहता, श्री जयंती भाई पटेल, बिहार में रह रहे गुजरात के महानुभावगण एवं उनके परिजन, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....